CMYK

# देशबन्धु संस्कारधानी

5 बिलासपुर

गुरुवार 7 सितंबर 2023

**उल्टा पुल्टा**

नासा ने संता को चांद पर भेजने का फैसला किया। मगर संता आधे रास्ते से ही वापस आ गया।

संता ने कहा- आज तो अमावस है ना, चांद तो होगा ही नहीं।

### एयरपोर्ट विकास कार्यों की समीक्षा

## हाईकोर्ट में जनता की तरफ से पैरवी करेंगें तन्खा




**बिलासपुर,** 6 सितंबर। राज्य सभा सांसद विवेक तन्खा का आज बिलासपुर एयरपोर्ट पर आगमन हुआ और उन्होंने हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति के सदस्यों के साथ बिलासपुर एयरपोर्ट पर चल रहे विकास कार्य का मुआयना और समीक्षा की। सांसद तन्खा ने बिलासपुर एयरपोर्ट के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी धनराशि को उचित बताते हुए निर्माण एजेंसी से कार्य की गति बढ़ाने की जरूरत बताई। वहीं केन्द्र सरकार से उन्होंने अपील की कि बिलासपुर से देश के चारों दिशाओं में महानगरों तक कम से कम एक सीधी फ्लाईट संचालन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाये और बिलासपुर भोपाल इंदौर जो फ्लाईट बंद कर दी गई है उसका पुन: संचालन कराने का आदेश है।

गौरतलब है कि बिलासा बाई केंवट एयरपोर्ट बिलासपुर में नाईट लैंडिंग एवं टर्मिनल बिल्डिंग विस्तार का कार्य चल रहा है। यह कार्य पूर्ण होने पर बिलासपुर में रात के समय भी उड़ाने चल सकेगी। वहीं बड़ी टर्मिनल बिल्डिंग में यात्रियों को सभी प्रकार की सुविधा मिल सकेगी। आज हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति के सदस्यों ने विवेक तन्खा को बताया कि टर्मिनल बिल्डिंग में डिपार्चर हॉल का विस्तार तो हो चुका है परन्तु अराईवल हॉल का काम लगभग रूका हुआ है जबकि इसी में कन्वेयर बेल्ट आदि लगाकर यात्रियों को सुविधा दी जानी है।

इसी तरह नाईट लैंडिंग संबंधी कार्य भी 27 सितम्बर से लागू होने वाले फ्लाईट विन्टर शेड्यूल के पहले पूरा होना जरूरी है। सांसद तन्खा ने सांसद का स्वागत किया।निर्माण एजेंसियों के द्वारा कार्य व गति बढ़ाने की जरूरत पर सहम जताई और अराइवल हॉल को जल्दी पूरा करने को भी कहा। क 7 सितम्बर को उच्च न्यायालय बिलासपुर हवाई सुविधा विकास संबंधी जनहित याचिकाओं प सुनवाई है और इसमें बिलासपुर व जनता और हाईकोर्ट अधिवक्ता की तरफ से विवेक तन्खा पैर करने सहमत हो गये है तथा कल अपना पक्ष रखेंगे।

## यूके से गिफ्ट आने का झांसा देकर महिला से 1.80 लाख की ठगी

**बिलासपुर ,** 6 सिंतबर (देशबन्धु)। यूके से गिफ्ट भेजने का झांसा देकर महिला को एक लाख 80 हजार रुपये का चूना लगाया। ठग द्वारा बार-बार पैसा मांगने पर उसे ठगी होने का पता चला। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। घटना सीपत थाना क्षेत्र की है। सीपत एनटीपीसी निवासी हिना वानखेड़े के पास कुछ दिन पहले वाट्सएप काल आया। काल करने वाले ने खुद को डीएचएल कोरियर कंपनी का कर्मचारी बताया और यूके से महंगा गिफ्ट आने की जानकारी दी। कहा मुंबई एयरपोर्ट से बिलासपुर आने का उसे कोरियर चार्ज लगेगा। इसके अलावा महंगा गिफ्ट होने पर टैक्स व रास्ते में गाड़ी खराब होने का झांसा देकर उससे एक लाख 80 हजार रुपये की ठगी कर ली। कहा मुंबई के एयरपोर्ट में है उसे बिलासपुर भेजने का कोरियर चार्ज लगेगा। महंगा गिफ्ट होने पर कस्टम टैक्स, गाड़ी खराब होने की बात कहकर ठगी की गई। इंटरनेट मीडिया पर अनजान मन भावक प्रोफाइल के झांसे में आने से बचें, सोच समझकर ही दोस्ती करें। अनजान दोस्तों को घर का पता, बैंक अकाउंट, आदि की जानकारी ना दें। इंटरनेट मीडिया पर बने दोस्त से मिलने के लिए किसी प्राइवेट जगह पर ना जाएं, सार्वजनिक स्थान पर ही मिलें। इंटरनेट मीडिया पर बना दोस्त यदि गिफ्ट भेज रहा हूं, बोले तो तुरंत विश्वाश न करें, गिफ्ट को प्राप्त करने के लिए कोरियर चार्ज, कस्टम टैक्स आदि किसी भी कारण से पैसे ना दें। इंटरनेट मीडिया पर बने दोस्त यदि मिलने आ रहे हो तो सबसे पहले उनसे लाइव लोकेशन मांगे, इससे पता चल जाएगा कि ठग कहां हैं।

## संपादकीय

### सारे अंधविश्वास खत्म हों!

*देश भर में प्रकारान्तर से अनेक तरह के अंधविश्वास हैं जिनसे छत्तीसगढ़ भी अछूता नहीं है। भूत-प्रेत, जादू-टोना, झाड़-फूंक, टोनही आदि में लोगों का बड़ा विश्वास है। लोगों को इनके अस्तित्व में इतना भरोसा है कि बहुत सी बीमारियों का इलाज वे योग्य चिकित्सकों की बजाये बैगा या झाड़-फूंक करने वालों से कराते हैं। सुदूर इलाकों में लोग अपनी समस्याओं का समाधान अपनी परम्परागत मान्यताओं के अनुरूप पाने की कोशिशें करते हैं। कई लोगों का दावा है कि उन्हें इसका फायदा मिलता है तो वहीं आधुनिक व वैज्ञानिक जीवन प्रणाली में भरोसा करने वाले लोग इसे मान्य नहीं करते।*

*कोरबा जिले के पसान थाना के अंतर्गत सिर्री गांव के एक निवासी इतवार सिंह गोंड़ की हत्या कर दी गई। पुलिस जांच से पता चला कि गांव के ही रहने वाले रामकुमार की पत्नी जयकुंवर अक्सर बीमार रहती थी। उन्हें शक हो गया कि इतवार सिंह और उसकी पत्नी आशा के जादू-टोना करने से ऐसा हो रहा है। पिछले महीने जयकुंवर की मौत हो जाने से उसका शक पक्का हो गया। उसने मौका पाकर रविवार को उसकी हत्या कर दी। आशा भी गम्भीर रूप से घायल हो गई। उसके बयान से ही रामकुमार के इस हत्या में हाथ होने का पता चला। उधर नारायणपुर से कुछ दूर पर बसे गांव मालिंगनार में 31 अगस्त की रात गांडोराम सलाम की हत्या हो गई। तफ्तीश से ज्ञात हुआ कि बेलगुर सलाम व बिहारी सलाम ने उसकी हत्या कर दी क्योंकि उन्हें शक था कि वह जादू-टोना करता है कुछ अरसा पूर्व मुंगेली के विचारपुर गांव में एक महिला की राधे यादव नामक उसके दिव्यांग भतीजे ने एक साथी की मदद से हत्या कर दी। उसे शक था कि उसकी चाची टोनही है और उसके जादू-टोना करने से उसके पिता व भाभी की मौत हुई है।*

*राज्य में इस तरह के कई अंधविश्वास प्रचलित हैं। गांव की किसी महिला या पुरुष आदि के बारे में धारणा बन जाती है कि उन्हें जादू-टोना आता है जिसके कारण वह किसी को बीमार कर सकते हैं या मार सकते हैं। किसी को अचानक कोई बीमारी होने या उसके मर जाने पर ऐसे ही किसी व्यक्ति को जिम्मेदार बतलाया जाता है। बतलाने वाला भी कोई ऐसा ही शख्स होता है जो लोगों की झाड़-फूंक करता हो। इसके कारण उस व्यक्ति की प्रताड़ना होती है। कई बार जान भी गंवानी पड़ती है। यह भी होता है कि कई बार आपसी रंजिश निकालने या किसी को घर-जमीन से बेदखल करने के लिये भी ऐसा किया जाता है।*

*इस बाबत व्याप्त अंधविश्वास को दूर करने के लिये प्रदेश सरकार और कई सामाजिक संगठन लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इस जागरूकता अभियान को और सघनतापूर्वक चलाने की आवश्यकता है ताकि किसी की हत्या न हो।*

## सार-संक्षेप

### आईजी अजय कुमार यादव ने किया पदभार ग्रहण



**बिलासपुर ,** 6 सिंतबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन, गृह (पुलिस) विभाग, नवा रायपुर द्वारा जारी आदेश स्थानांतरण आदेश के परिपालन में आज बिलासपुर रेंज में नवपदस्थ पुलिस महानिरीक्षक अजय कुमार यादव द्वारा पदभार ग्रहण किया गया। अजय कुमार यादव भारतीय पुलिस सेवा संवर्ग के वर्ष 2004 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के पुलिस अधिकारी हैं। अजय यादव पूर्व में रायपुर रेंज आईजी, आईजी इंटेलिजेंस के पद पर एवं बिलासपुर जिले के पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ थे एवं 07 जिलों के पुलिस अधीक्षक के पद पर सेवा दे चुके हैं। नव पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज अजय कुमार यादव के पदभार ग्रहण दौरान पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। पदभार ग्रहण करने के दौरान उप पुलिस महानिरीक्षक रायगढ़ रेंज राम गोपाल गर्ग, उप पुलिस महानिरीक्षक डी.रविशंकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर एवं बिलासपुर रेंज के सभी पुलिस अधीक्षक, अति.पुलिस अधीक्षक बिलासपुर(शहर) राजेन्द्र जायसवाल, अति.पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) राहुल देव शर्मा, पु.म.नि.कार्या.रेंज बिलासपुर उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुशीला टेकाम और उप पुलिस अधीक्षक जेरोल लकड़ा तथा रक्षित निरीक्षक भूपेन्द्र गुप्ता, उप पुलिस अधीक्षक यातायात संजय साहू उपस्थित रहे।

### सभी कार्यकर्ता परिवर्तन यात्रा को सफल बनाएं-बांधी



**बिलासपुर,** 6 सिंतबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की निकाली जाने वाली परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए भाजपा संगठन यात्रा को सफल बनाने में जुट गई है । मस्तूरी विधानसभा कोर कमेटी, मंडल अध्यक्ष महामंत्री और शक्ति केंद्र प्रभारियों की बैठक बिलासपुर भाजपा कार्यालय में मस्तूरी विधायक डॉ कृष्णमूर्ति बांधी व विधानसभा प्रभारी कार्तिकेश्वर स्वर्णकार की मौजूदगी में संपन्न हुआ। परिवर्तन यात्रा में संगठन ने पूरी ताकत झोंक दी है पूरे परिर्वतन यात्रा का प्रभारी ज़िला बिलासपुर के प्रभारी मोती लाल साहू को बनाया गया है इसके अतिरिक्त भाजपा ने 12 दिन की यात्रा के लिए 12 प्रभारी नियुक्त किए है। डॉ बांधी ने कहा सभी कार्यकर्ता परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने में जुट जाए और अधिक से अधिक संख्या में परिवर्तन यात्रा में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनावे।

परिवर्तन यात्रा के प्रभारी बी पी सिंह ने बताया कि 25 सितंबर को मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र से गुजरने वाली परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए कार्य योजना व कार्य विभाजन के लिए भाजपा कार्यालय बिलासपुर में विधानसभा प्रभारी कार्तिकेश्वेर स्वर्णकार व विधायक बांधी जी के अध्यक्षता में बिलासपुर भाजपा कार्यालय में बैठक रखी गई। बैठक में मस्तूरी विधानसभा प्रभारी ने कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया की यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर प्रचार प्रसार कर व्यवस्था में लगे।

## शिक्षा व्यक्ति के व्यक्तित्व व चरित्र का निर्माण करती है- मीर अली



**बिलासपुर,** 6 सिंतबर (देशबन्धु)। डी.पी. विप्र महाविद्यालय एवं युनियन बैंक ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 'शिक्षक की समाज में उपादेयता' विषय पर कार्यशाला एवं शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीण पाण्डेय अपर संचालक/प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय सकरी बिलासपुर (छ.ग.) मुख्य वक्ता मीर अली मीर, छत्तीसगढ़ी कवि एवं साहित्यकार, अतिविशिष्ट अतिथि राजकुमार अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि डॉ. एस.आर. कमलेश, प्राचार्य शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.), डॉ. श्यामाचरण चौबे, पूर्व प्राध्यापक जे.एल.एन. महावि. सक्ति (छ.ग.), परमजीत सिंह रिजनल हेड यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बिलासपुर (छ.ग.), डॉ. (श्रीमती) अंजू शुक्ला, प्राचार्य डी.पी. विप्र महाविद्यालय बिलासपुर उपस्थित रही।

मीर अली मीर ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिक्षक ही हमें सोचने, कार्य करने और आगे बढ़ने में सहायता प्रदान करते हैं तथा शिक्षा के माध्यम से ही व्यक्ति के चरित्र व व्यक्तित्व का निर्माण होता है। उन्होंने जीवन की सच्चाई, छश्रीसगढ़ की विरासत और संस्कृति ''इहां जादा झन सकेल माया मोहिनी के खेल'' और नंदा जाही का रे..... आदि काव्य पाठ के माध्यम से सभागार में सभी को भाव विभोर कर दिया। राजकुमार अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा देश का सबसे महत्वपूर्ण भाग है जो समाज को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देता है। शिक्षा केवल पुस्तकों से ही नहीं, बल्कि वस्तुपरक शिक्षा को केंद्र में रखकर ही वास्तविक शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। डॉ. श्यामाचरण चौबे ने लौकिक प्रेम और अलौकिक प्रेम के विषय पर अपने विचार देते हुए कहा कि आज शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्म शिक्षा का ज्ञान भी आवश्यक है। डॉ. एस.आर. कमलेश ने उद्बोधन देते हुए कहा कि शिक्षक के कंधों में राष्ट्र के भावी कर्णधारों का दायित्व रहता है। यह दायित्व तब तक रहता है, जब तक शिष्य उसको आत्मसात नहीं कर लेता। गुरुओं ने शिक्षा को आधार बनाकर और शिष्यों को साथ लेकर एक नवीन बदलाव लाने में हमेशा ही सफल होते रहें है। डॉ. प्रवीण पाण्डेय ने शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज नारी शिक्षा एवं ग्रामीण परिवेश में आधुनिक शिक्षा का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार होना चाहिए तभी देश व समाज का वास्तविक विकास संभव है।

## पुलिस पर चाकू लहराने वाला युवक पकड़ाया



**बिलासपुर ,** 6 सिंतबर (देशबन्धु)। थाना प्रभारी सिविल लाईन द्वारा उपनिरीक्षक अज़हर उद्दीन के हमराह पेट्रोलिंग आर. मनोज साहू एवं लक्ष्मण चंद्रा के साथ मिनिबस्ति जरहाभाठा की ओर जुर्म जरायम पतासाजी पर रवाना किया गया था कि जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि जोड़ा जैतखाम मिनिबस्ती के पास प्रदीप पात्रे नामक व्यक्ति एक स्टील का धारदार नुकिला चाकू लेकर सार्वजनिक जगह पर आम जनो को डरा धमका रहा है । कि सूचना पर जोड़ा जैतखाम के पास मिनिबस्ति गया जहा पर एक लड़का अपने पास एक स्टील का धारदार नुकिला चाकू लेकर आने जाने वालो को डरा धमका रहा था जिसे घेरा बंदी कर पकड़ने का प्रयास करने पर पुलिस की उपस्थिति में भी उग्र होकर चाकू लहराने लगा। जिसे समक्ष गवाहन के अभिरक्षा में लेकर नाम पता पूछने पर अपना नाम प्रदीप पात्रे बताया आरोपी का कृत्य धारा 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध पाये जाने से अभिरक्षा में लेकर विधिवत गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण की उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाईन निरीक्षक प्रदीप आर्य उपनिरीक्षक अज़हर उद्दीन आरक्षक मनोज साहू लक्ष्मण चंद्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अशांति फैलाने वाले 5 गिरफ्तार

**बिलासपुर,** 6 सितंबर ( देशबन्धु) ।मोपका क्षेत्र में वाद विवाद कर अशांति फैलाने संबंधी वीडियो वायरल होने पर ,वायरल वीडियो का त्वरित संज्ञान लेकर थाना सरकंडा से एक टीम मौके की ओर रवाना किया गया था। जो टीम के द्वारा मोपका पहुचकर आवेदक खूबन कश्यप पिता राजेंद्र कश्यप निवासी आवासपारा मोपका सरकंडा बिलासपुर का पहचान कर , आवेदक से पूछताछ पर पता चला कि आनवेदकगणों द्वारा टहलने के समय घूरने की बात को लेकर आवेदक से वाद विवाद कर परेशान किया जा रहा है।

## न्यायधानी में मौसम ने ली करवट, दिन के तापमान में गिरावट

### आज कुछ स्थानों पर हुई हल्की बारिश

**बिलासपुर,** 6 सिंतबर (देशबन्धु)। मौसम के करवट बदलते ही प्रकृति हरियाली से आच्छादित नजर आने लगी है। मानों विशेष श्रृंगार किया हो। वातावरण में नमी महसूस होने लगी है। तापमान में गिरावट का दौर जारी है। आज दिनभर मौसम खुशनुमा बना रहा। वर्षा भी दर्ज की गई। मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डा.एचपी चंद्रा के मुताबिक मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर पश्चिमी छोर हिमालय की तराई में स्थित है और उसका पूर्वी छोर निजामाबाद, लखनऊ, सतना, रायपुर और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में स्थित निम्न दाब के केंद्र तक स्थित है।एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी-तटीय दक्षिण उड़ीसा-तटीय उत्तर आंध्र प्रदेश के ऊपर स्थित है तथा यह 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके पश्चिम दिशा की ओर आगे बढ़ते हुए दक्षिण ओडिशा, दक्षिण छत्तीसगढ़ की ओर जाने की प्रबल संभावना है। एक द्रोणिका उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से होते हुए दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश तक उड़ीसा, छत्तीसगढ़ होते हुए 3.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

भारी बारिश का क्षेत्र मुख्यत: प्रदेश के दक्षिण-पश्चिम स्थित जिले संभावित है। बिलासपुर में भी हल्की वर्षा की संभावना बनी रहेगी। किसानों के लिए अभी राहत की खबर है। मानसून अभी सक्रीय रहेगा। मौसम विशेषज्ञ सिराज खान की मानें तो 12 सितंबर तक मानसून सक्रीय रहेगा। छह से नौ सितंबर को मध्यम वर्षा की संभावना है जबकि प्रतिदिन कुछ न कुछ वर्षा की बूंदे धरती पर आती रहेंगी।

## जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, मिलाद-उन-नबी व अनंत चतुर्दशी पर्व सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने अपील

### पर्व के दौरान पावर डीजे प्रतिबंधित

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक

**बिलासपुर,** 6 सिंतबर (देशबन्धु)। कलेक्टर संजीव कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह की मौजूदगी में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज यहां जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस अवसर पर महापौर रामशरण यादव विशेष रूप से मौजूद थे। बैठक में 7 सितम्बर को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, 19 सितम्बर को गणेश चतुर्थी एवं 28 सितम्बर को मिलाद-उन-नबी एवं अनंत चतुर्दशी (गणेश विसर्जन) पर्व आपसी तालमेल एवं भाईचारे की भावना के साथ सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इन पर्वों के दौरान पावर डीजे प्रतिबंधित रहेगा।

इस दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने, श्री कृष्ण जन्माष्टमी त्यौहार मनाने, गणेश चतुर्थी के लिए पंडाल, स्वागत, विसर्जन, मिलाद-उन-नबी पर्व के दौरान आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्था के संबंध में विचार विमर्श किया गया। महापौर रामशरण यादव ने सभी से शांतिपूर्ण तरीके से आपसी भाईचारे से त्यौहार मनाने की अपील की। कलेक्टर ने शांति समिति के सदस्यों और समाज प्रमुखों से अपील करते हुए कहा कि शहर की गौरवशाली परम्परा की तरह इस बार भी आपसी समन्वय और भाईचारे की भावना के साथ पर्व मनाएं। उन्होंने कहा कि धार्मिक सद्भावना कायम रहे इसके लिए सभी को एकदूसरे के धर्म और आस्था का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह के भ्रामक सूचनाओं के प्रचार प्रसार से बचना चाहिए। ऐसे लोगों पर खुद भी नजर रखें और इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को तत्काल देवें। बैठक में गणेश विसर्जन के लिए स्थल निर्धारित करने की भी मांग की गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने पर्व के पूर्व सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए और बिजली, पानी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कहा। पुलिस, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग को जिम्मेदारी सौंपते हुए सजग रहने के निर्देश दिए गये। सभी धार्मिक एवं समाज प्रमुखों ने शांतिपूर्ण तरीके से सभी का सम्मान करते हुए समारोह आयोजन करने का भरोसा दिलाया। विशेषकर शहर में यातायात बाधित न हो, इसका ध्यान रखा जायेगा। बैठक में नगर निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, एडीएम आरए कुरूवंशी, अपर कलेक्टर शिवकुमार बनर्जी, एडीशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल, सिटी मजिस्ट्रेट एसएस दुबे, शांति समिति के सदस्य शेख नजीरूद्दीन, वीरेन्द्र गहवई, हबीब मेमन, सुधीर खण्डेलवाल सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।




## भारत जोड़ो पदयात्रा की पहली वर्षगांठ पर कांग्रेस भवन में कार्यक्रम

**बिलासपुर ,** 6 सिंतबर (देशबन्धु)। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ,सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो पदयात्रा की पहली वर्षगांठ 7 सितम्बर को मनाया जाएगा। राहुल गांधी ने 7 सितम्बर 2022 से भारत को एकता की सूत्र में पिरोने के लिए, साम्प्रदायिक तत्वों के फुट डालो की नीति के खिलाफ ,आपसी भाईचारा -सद्भाव ,सौहार्द्रपूर्ण वातावरण कायम करने के लिए नफरत की बाजार में मोहब्बत की दुकान को लेकर कन्याकुमारी से कश्मीर तक कि भारत जोड़ो पदयात्रा की आगाज की ,जो लगभग 4081 किलोमीटर , 12 राज्य , 2 केंद्रशासित राज्य, 75 जिले ,76 लोकसभा क्षेत्र होते हुए 136 दिनों में कश्मीर पहुची थी। जो भारत के इतिहास में किसी नेता द्वारा की गई सर्वाधिक पदयात्रा है ,इस ऐतिहासिक भारत जोड़ो पदयात्रा के वर्षगांठ पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश में ज़िला कांग्रेस कमेटी ( शहर / ग्रामीण ) द्वारा 7 सितम्बर को शाम 4.30 बजे ,देवकीनन्दन चौक से गांधी प्रतिमा जूना बिलासपुर तक भारतीय जोड़ो पदयात्रा निकाली जाएगी।

CMYK

# सार-संक्षेप

## एनटीपीसी जीएम कार्यालय के सामने 11 को उग्र आंदोलन की चेतावनी

**कोरबा,** 06 सितंबर (देशबन्धु)। एनटीपीसी प्रभावित 9 भू-विस्थापितों ने 11 सितंबर को मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष हड़ताल व उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इसके संबंध में पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन प्रेषित करते हुए इसकी प्रतिलिपि राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केन्द्रीय मानवाधिकार आयोग, राज्यपाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन को प्रेषित किया है।

एनटीपीसी कोरबा द्वारा वर्ष 1978-79 में चारपारा व कपाटमुड़ा के अधिग्रहित भूमि के एवज में नौकरी व मुआवजा प्रदान नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए 9 भू-विस्थापितों के द्वारा लगातार आंदोलन किया जा रहा है। इस कड़ी में बताया कि राजन कुमार पटेल के पूर्वजों की भूमि 34.65 एकड़ एनटीपीसी द्वारा अधिग्रहण किया गया, शेष बचा 1.52 एकड़ और एनटीपीसी द्वारा 22.84 एकड़ अधिग्रहण किया गया है। इसी तरह घसियाराम केंवट 4.36 एकड़, गणेश कुमार केंवट 1.95 एकड़, सूरज कुमार 29 एकड़, रामायण प्रसाद केंवट 4.19 एकड़, मथुरा राम केंवट 2.71 एकड़, दयालिक विश्वकर्मा 10.97 एकड़, शुभम केंवट 1.57 एकड़, कैलाश पटेल के पूर्वजों की 5.12 एकड़ जमीन अधिग्रहण किया गया है। अधिग्रहण की गई भूमि के एवज में आम सूचना जारी किया गया व लिखित में दिया गया कि जैसे-जैसे प्लांट का विस्तार होता जाएगा योग्यतानुसार क्रमिक रूप से नौकरी प्रदान किया जाएगा। इस आश्वासन के आधार पर ये भू-विस्थापित आज तक नौकरी के लिए प्रतिक्षारत हैं। इन्होंने पुलिस महानिरीक्षक सहित अन्य शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों को आवेदन देकर मांग किया है कि अधिग्रहण भूमि के एवज में नौकरी व नियुक्ति पत्र दिलाया जाए। भूमि के एवज में बसाहट, सडक़, नाली, विकास कार्य की सुविधा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा है कि ग्राम चारपारा व कपाटमुड़ा की अधिग्रहित भूमि के एवज में नौकरी, मुआवजा, अवार्ड प्रदान नहीं किए जाने से व्यथित हैं और 11 सितंबर को एनटीपीसी महाप्रबंधक कार्यालय के सामने उग्र आंदोलन करेंगे।

## खेत में काम कर रहे किसान की गाज से मौत

**कोरबा,** 06 सितंबर (देशबन्धु)। पाली थाना अंतर्गत ग्राम नुनेरा में मंगलवार शाम आकाशीय बिजली की चपेट में आकर खेत में काम कर रहे एक किसान की मौत हो गयी।

बताया गया कि ग्राम नुनेरा के दिलीप पटेल पिता रामचरन पटेल 50 वर्ष रोज़ की तरह मंगलवार को सुबह के वक्त अपने खेत में काम करने गया था। वह खेत में खाद डालने का कार्य कर रहा था कि शाम को अचानक मौसम बदला और गरज-चमक के साथ तेज़ बारिश शुरू हो गईं। बारिश थमते करीब रात 9 बज गये थे किंतु दिलीप पटेल अपने घर वापस नहीं लौटा था। घर के लोगों ने खेतों के पास जाकर खोजबीन की तो खेत के बीच में दिलीप पटेल बेहोश अवस्था में मिला जिसके पीठ में जलने के निशान थे। परिजन उसे तत्काल पाली स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुँचे जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत होना बताया गया। अस्पताल से सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम बाद आज परिजनों के सुपुर्द किया।

## विकासखंड स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन

**कोरबा,** 06 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान डाईट कोरबा के प्राचार्य रामहरि सराफ द्वारा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित, माल्यार्पण कर राजगीत के साथ किया गया। विशिष्ट अतिथि अनिल रात्रे विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कोरबा ग्रामीण एवं आरडी केसकर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कोरबा शहरी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोकगीत, प्रेरणा गीत की प्रस्तुति संकुल शैक्षिक समन्वयक सत्यनारायण मनहर एवं शत्रुहन कैवर्त ने दी। अतिथियों ने समस्त 48 संकुल शैक्षिक समन्वयकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मानित किया। डाइट प्राचार्य रामहरि सराफ ने कहा कि शिक्षक समाज की प्रगति का मूल आधार होता है। छात्र-छात्रों में नैतिक आदर्श, अच्छे संस्कारों एवं गुणों के विकास में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कोरबा विकासखंड के सभी संकुल शैक्षिक समन्वयक शिक्षक समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। पूरे समाज की सोच, विचार और धारणा को शिक्षक ही बदल सकते हैं। शिक्षकों के बल पर ही हम विश्वगुरु बन सकते हैं। शिक्षक का दर्पण उसके पढ़ाये हुए छात्र होते हैं। संकुल समन्वयक तरुण राठौर ने आभार प्रकट किया।

## जूनियर गर्ल्स विभाग का फुटबाल चैंपियनशिप आयोजित



**कोरबा-जमनीपाली,** 06 सितंबर (देशबन्धु)। एनटीपीसी कोरबा प्रायोजक छत्तीसगढ़ फुटबाल फेडरेशन द्वारा जूनियर गर्ल्स विभाग का फुटबाल चैंपियनशिप 6 सितंबर को सम्पन्न हुआ। छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग, बीजापुर, रायपुर तथा बालौद जिले ने इस चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। यह चैंपियनशिप 3 सितंबर से शुरू हुआ था। समापन समारोह में 30 बालिका खिलाड़ियों को चुना गया। यह 30-35 लड़कियाँ अंतरज़िला टूर्नामेंट की विजेता हैं। यह अब आगे 21 दिनों का कोचिंग कैंप लेंगे। यह कोचिंग कैंप सिपेट कोरबा में आयोजन किया जा रहा है। कोचिंग कैंप के बाद 20 बेहतरीन खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा जो आगे राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस फुटबाल के खेल में तीन श्रेणियां सब-जूनियर गर्ल्स, जूनियर गर्ल्स तथा सीनियर गर्ल्स हैं तथा इस कार्यक्रम के दो पहलू चैंपियनशिप एवं कोचिंग कैंप हैं।

## महिलाओं ने हलषष्ठी की पूजा-अर्चना



**कोरबा,** 06 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा नेता भोजराम राजवाड़े के निवास बालाजी कॉम्पलेस्क्स में हलछठ पूजा का आयोजन किया गया। इस दौरान मधुलता राजवाड़े, रश्मि श्रीवास, कल्पना अग्रवाल, मीना अग्रवाल, शोभा शिंदे, शैल साहू, अनिता चतुर्वेदी सहित अन्य महिलाओं ने हलषष्ठी की पूजा-अर्चना की।

# मनरेगा की तकनीकी सहायक का भयादोहन, युवक पर जुर्म दर्ज

### आरोपी भाजपा युवा मोर्चा का है मंडल महामंत्री



**कोरबा-रजगामार,** 06 सितंबर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत कोरबा के मनरेगा विभाग में कार्यरत महिला तकनीकी सहायक को उसके विरूद्ध विभागीय कार्यों की बार-बार झूठी शिकायत करते हुए मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और शिकायत से छुटकारा पाने के लिए 10 लाख रुपए की मांग करने वाले युवक पर अपराध दर्ज कर लिया गया है। आरोपी युवक भारतीय जनता युवा मोर्चा उरगा मंडल का महामंत्री बताया जाता है।

जानकारी के अनुसार इस घटना की रिपोर्ट रजगामार पुलिस चौकी में दर्ज कराई गई है। पीड़िता तकनीकी सहायक ने बताया कि 5 सितंबर को शाम करीब 6 बजे उसके भाई के घर पहुंचे ग्राम तिलकेजा निवासी शुभम हलवाई ने कार्य के संबंध में झूठी शिकायत अधिकारियों को भेंटकर परेशान करने और नौकरी से हाथ धो बैठने की धमकी दी। कहा कि तुम मुझे 10 लाख रुपए चुपचाप दे देना और यह कहकर चला गया। पीड़िता ने इस संबंध में पुलिस चौकी पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज करा दी है। उसने बताया कि विभागीय कार्यों हेतु ग्राम पंचायत भैंसमा, करमंदी, चीतापाली, केरवां व कुकरीचोली का प्रभार सौंपा गया है जहां वह विभाग द्वारा किए गए कार्यों का तकनीकी निरीक्षण करती है। कार्य के दौरान शुभम हलवाई पिता पूनम हलवाई मोबाइल नंबर 96856-36262 से उसका परिचय हुआ था। फिल्ड आते-जाते वक्त मुलाकात होती थी और शुभम परिचित होने के कारण परिवार के साथ घर आना-जाना भी करता था लेकिन उसकी आड़ में वह प्रताड़ित करने की नियत रखने लगा। विभागीय कार्यों की बार-बार जानकारी मांगता और उच्च अधिकारियों से पीड़िता के द्वारा किए गए विभागीय कार्यों की झूठी शिकायत करता रहता। विभाग द्वारा बार-बार किए जा रहे जांच से उसे मानसिक प्रताडऩा होने लगी तो उसने अपने भाई को इसकी जानकारी दी। भाई ने फोन कर शुभम को समझाने का प्रयास किया लेकिन नहीं माना। 5 सितंबर को शाम 6 बजे घर आकर बार-बार शिकायत करने, सूचना का अधिकार लगाने और अधिकारियों को शिकायत भेंजकर परेशान करने की धमकी दी। शिकायत से बचने के एवज में 10 लाख रुपए की मांग किया। पुलिस ने शुभम हलवाई के विरूद्ध धारा 385 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# नहर का तटबंध फूटा, सडक़ काटकर सैंकड़ों एकड़ खेत में घुसा पानी

### नहर में जल का बहाव कम करने की कवायद, फिर होगी मरम्मत





**कोरबा,** 06 सितंबर (देशबन्धु)। हाल फिलहाल हुई बारिश के कारण जल का स्तर बढने् की वजह से नहरों में पानी व्यापक मात्रा में छोड़ा जा रहा है। हसदेव बायीं तट नहर जो कि कोरबा से सक्ती होते हुए आगे की ओर बढ़ी है, उसमें भी पानी लबालब बह रहा है। इस नहर का तटबंध आज सुबह छोटे से सुराख से होते-होते बड़े पैमाने पर फूट गया और देखते ही देखते सैंकड़ों एकड़ खेत जलमग्न हो गए। प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों द्वारा यहां पहुंच कर आवश्यक व्यवस्थाओं को अंजाम दिया गया। घटना में ग्रामीणों को काफी नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार करतला ब्लाक के ग्राम पंचायत बुढ़ियापाली अंतर्गत चुईया में यह घटना हुई है। ग्राम सरपंच हेम सिंह कंवर ने बताया कि चुईया, डिंडोरी से होते हुए सक्ती जाने वाले नहर मार्ग पर दिनभर आवागमन होता रहता है। आज सुबह करीब 8 बजे उसने नहर की दूसरी ओर खेत की तरफ छोटे से सुराख से पानी बहते हुए देखा था और इसके संबंध में सूचना सिंचाई विभाग को दिया था। किसी सर्प अथवा जंतु के जरिए नहर के उस पार से इस पार तक किए गए इस सुराख से बह रहा थोड़ा-थोड़ा पानी सुबह करीब 9.30 बजे भयानक स्वरूप ले लिया। नहर का किनारा फूटने के साथ ही काफी तेज बहाव से पानी सडक़ को काटते हुए दूसरी ओर खेतों में समाने लगा। इससे पहले घटना के अंदेशा को भांपते हुए सरपंच और उसके साथी सडक़ पर मौजूद होकर आने-जाने वालों को रोकते रहे और इसी दरम्यान सडक़ को काटते हुए नहर का पानी दूसरी तरफ बहने लगा। यदि सरपंच सजग नहीं होता तो जनहानि हो सकती थी। तेज बहाव से खेतों में पानी समाने लगा। संयोग रहा कि यह घटना दिन के वक्त हुई और यदि रात के समय तटबंध फूटा होता तो लोगों को जानकारी नहीं मिलती और नजदीकी गांव जलमग्न हो जाते।

### तहसीलदार व पटवारियों ने किया मुआयना

घटना की जानकारी देने के साथ ही सिंचाई विभाग के द्वारा नहर का पानी रोकने की कवायद शुरु की गई। तहसीलदार राहुल पाण्डेय मौके पर पहुंचे और पटवारियों के साथ प्रारंभिक तौर पर मुआयना भी किया। तहसीलदार ने बताया कि लगभग 4 किलोमीटर लंबी नहर में करीब 2 फीट पानी बह रहा था। रात लगभग 9 बजे तक 15 फीट पानी कम किया जा सका है। जल संसाधन के अधिकारियों के मुताबिक देर रात तक पूरा पानी रोका जा सकेगा। पानी बंद होने के बाद ही मरम्मत कार्य संभव होगा। श्री पाण्डेय ने बताया कि नहर के पानी से बड़े पैमाने पर खेत और फसल प्रभावित हुए हैं, गांव प्रभावित होने से बच गए हैं। नुकसानी का आंकलन जल्द ही किया जाएगा।

## विधानसभा युकांध्यक्ष के साथ मारपीट, एफआईआर दर्ज



**कोरबा-करतला,** 06 सितंबर (देशबन्धु)। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा कांग्रेस अध्यक्ष शिवम राय पिता सत्येन्द्र राय के साथ 3 लोगों ने मिलकर मारपीट किया है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया है। करतला निवासी शिवम राय ने बताया कि वह आज दोपहर करीब 12 बजे अपने घर से मारूति अल्टो कार क्रमांक सीजी-12एएस-4590 पर सवार होकर पार्टी के काम से ग्राम रामपुर के लिए निकला था। रास्ते में धसकामुड़ा रोड में दोस्त अमन अग्रवाल मिला जिसे साथ लेकर रामपुर बस स्टैण्ड के पास अन्नपूर्णा कृषि केन्द्र के सामने दोपहर करीब 12.30 बजे पहुंचा था। यहां पुरानी रंजिश को लेकर अन्नपूर्णा कृषि केन्द्र के संचालक अरूण बघेल, नरेश बघेल और नरेश के दामाद के द्वारा कार को रोक कर गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर डंडा से मारपीट किया। मारपीट में शिवम और अमन को चोटें आई है। शिवम राय की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 341, 294, 323, 506, 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

## बरपाली में नवीन उप तहसील का शुभारंभ




**कोरबा,** 06 सितंबर (देशबन्धु)। कोरबा विकासखंड के ग्राम बरपाली (जे) में नवीन उप तहसील का शुभारंभ किया गया । इसके साथ ही अब क्षेत्र के किसानों को राजस्व से सम्बंधित काम के लिए कोरबा नहीं जाना पड़ेगा। पहले राजस्व से सम्बंधित, जाति, निवास बनवाने के लिए भैसमा जाना पड़ता था जिले के अंतिम छोर के ग्राम बलसिंघा, मालिकछार, श्यांग से लगभग 80 किलोमीटर दूर है। भैसमा से अब ग्राम बरपाली में उप तहसील खुल जाने से ग्रामीणों को सहूलियत हो जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्याम लाल कंवर, सांसद प्रतिनिधि आजीज मोहम्मद, तहसीलदार केके लहरे, सरपंच समेलाल कंवर, जनपद सदस्य शंकर राठिया,सरताज खान ,अशोक दास, सरवर खान सहित ग्रामीण एवं हल्का पटवारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर पहुंचे स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण व्यवस्था का जायजा लिया



**कोरबा,** 06 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ कुमार ने बुधवार को आईटी कॉलेज में निर्वाचन 2023 हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने यहाँ स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री वितरण सहित निर्वाचन के दौरान किये जाने वाले आवश्यक व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम की खिड़कियों को पैक करने, बेरिकेडिंग, सीसीटीवी, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था के संबंध में लोक निर्माण विभाग, नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों को स्ट्रांग रूम का अवलोकन, काउंटिंग रूम, डिस्पैच सेक्शन के संबंध में भी निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे, लोक निर्माण विभाग के ईई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मोदी सरकार के 9 साल उपलब्धि भरे- लखन



**कोरबा,** 06 सितंबर (देशबन्धु)। कोरबा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन ने कहा है कि मोदी सरकार के 9 साल उपलब्धि भरे और बेमिसाल हैं। मोदी सरकार की योजनाओं को कार्यकर्ता घर-घर पहुंचाएं।

भारतीय जनता पार्टी कोसाबाड़ी मंडल की बैठक में लखन लाल देवांगन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के एक-एक कार्यकर्ताओं के कड़ी मेहनत से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। केंद्र में मोदी सरकार के 9 साल स्वर्णिम एवं उपलब्धियों से भरे बेमिसाल हैं। जब से केंद्र में मोदी की सरकार बनी है, निरंतर अंतिम छोर के व्यक्ति तक उनके जीवन स्तर में कैसे बदलाव आए इस दिशा में काम किया जा रहा है वहीं प्रदेश का संसाधन कांग्रेस के चुनाव कोष में है। प्रदेश की भूपेश सरकार दस जनपथ का एटीएम के रूप में काम कर रही है। प्रदेश की जनता उनके वादा खिलाफी से अपने आप को ठगा महसूस कर रही है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, महामंत्री सुमन सोनी, पंकज देवांगन, मीरा सोनी, चंदन सिंह, राम मिरी, स्वाति सोनी, पुष्प लता, कालिंद्री राठौर, तुलसी ठाकुर, गुलजार सिंह, महेंद्र देवांगन, नवल कश्यप, सुभाष राठौर, नरेंद्र पाटनवार, संजय कुर्मवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## टाउनशिप स्कूल में मना शिक्षक दिवस

कोरबा-बालकोनगर, 06 सितंबर (देशबन्धु)। बालको टाउनशिप हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह विद्यालय परिसर में मनाया गया। मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, विशिष्ट अतिथि रविन्द्र यादव, मिनेश्वर पेगु, महेंद्र चंद्रा, रामगोविंद बरेठ, मेनेंद्र कुर्रे, सीमा डहरिया एवं विमला मार्को उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं सर्वपल्ली डॉ.राधाकृष्णन के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि राजकुमार यादव ने शिक्षकों द्वारा समाज में दिए गए योगदान का उल्लेख करते हुए शिक्षकों को शुभकामना दी। प्राचार्य श्रीमती नीलम सिंह ने विद्यार्थियों के समग्र विकास में शिक्षकों के योगदान पर प्रकाश डाला। विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा शिक्षकों को तिलक लगाकर एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

## बाल सदन में शिक्षकों का किया गया सम्मान

कोरबा, 06 सितंबर (देशबन्धु)। भारत एल्यूमिनियम कर्मचारी शिक्षण समिति इंटक बालको द्वारा संचालित बालसदन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालको में विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया। समिति के सचिव रमेश जांगिड़, सदस्य आरके नामदेव, तामेश्वर लाल निषाद, प्राचार्य एसके कौशिक ने मां सरस्वती तथा डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर द्वीप तथा माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारभ किया। समस्त पदाधिकारियों के साथ समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने सम्मानित किया।

# 30 साल पुराने विद्युत तार कटे-टूटे, लो-वोल्टेज से परेशानी

### स्वीकृत ट्रांसफार्मर ही नहीं लगा रहे मुकुंदपुर में, 15 दिन का अल्टीमेटम फिर घेराव



**कोरबा-बरपाली,** 06 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के करतला विकासखंड अंतर्गत तहसील बरपाली के ग्राम मकुंदपुर में ग्रामीण विद्युत संबंधी समस्याओं से वर्षों से जूझ रहे हैं लेकिन सुधार की गुंजाइश दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यहां विद्युत कनेक्शन तार की स्थिति इतनी लचर व नाजुक है कि जब से गांव में बिजली आई है तब से लेकर आज तक ना तो तार को बदला गया है और न ही विद्युत विभाग द्वारा कोई सुधार किया गया है। 30 वर्ष पूर्व लगाए गए तार इतने जर्जर हो चुके हैं कि रोज ही टूट कर कहीं न कहीं लटकते रहते हैं। खंभे तिरछे हो चुके हैं, तार केवल बांस के डंडों के सहारे लटक रहे हैं। ट्रांसफार्मर का बुश व केबल वायर बुरी तरह से क्षतिगस्त है। लगभग 3 वर्ष पूर्व स्कूल के पास नवीन ट्रांसफार्मर लगाने हेतु सर्वे हुआ था और स्वीकृति भी हो गई है लेकिन आज तक नहीं लगाया गया है जिससे लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। विभाग के कर्मचारियों को जानकारी देने के बाद भी नहीं लगाया जा रहा है। मकुंदपुर के सरपंच, उप सरपंच सहित ग्रामवासियों बलेश्वर सिंह कंवर, घनश्याम सिंह, फूल सिंह, भागवत सिंह, सत्यनारायण, जोहन सिंह कंवर, ईश्वर सिंह, धनेश्वर सिंह, सहस राम, रूप सिंह, भानू राम, समार, लकेश्वर सिंह, हरप्रसाद कंवर, देवचरण, चेतन सिंह, भुनेश्वर, दीपक कंवर, मनीष कंवर पंच, बलदेव सिंह, हरनारायण, जयराम, मनोज कुमार, आशुतोष, परमेश्वर आदि ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर गांव की लचर विद्युत व्यवस्था को सुधारने की मांग की है। कहा है कि यदि 15 दिवस के भीतर सुधार कार्य नहीं किया जाता है तो ग्रामवासी विभागीय कार्यालय का घेराव करने विवश होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी।

# सार-संक्षेप

## केआईटी शिक्षको को उपवास पर बैठना दुर्भाग्यपूर्ण-सुरेन्द्र पाण्डेय



**रायगढ़** 06 सितंबर (देशबन्धु)। पिछले दो महीने से केआईटी के शिक्षक व कर्मचारी अपनी 17 माह की सैलरी व अन्य जायज मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए है। उनकी मांगों में प्रमुख मांग 17 माह से अपनी सैलरी है जिसे सरकार देने में असमर्थता जाता रही है पहले भी ऐसी ही परेशानी इस संस्था पर आई थी तब किसी तरह डीएमएफ फण्ड से कुछ महीनों की सैलरी का अस्थाई इंतजाम किया गया था किंतु इस समस्या को जानते हुए भी सरकार द्वारा स्थायी समाधान नहीं किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप 17 माह से बिना सैलरी के कार्य करते हुए बिताना पड़ा अब जबकि दो महीने से इस मांग के लिए पूरे कर्मचारी धरने पर बैठे हुए है जो कि अपनी मांगों के लिए स्थानीय विधायक के आश्वसन पर भी कोई कार्रवाई नही हुई।

मजबूरन आज सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस के दिन भूखे प्यासे उपवास पर रहना पड़ रहा है यह दुर्भाग्य का विषय है कि शिक्षक दिवस जिस दिन शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए ऐसे दिन शिक्षक उपवास पर बैठे है विडंबना तो यह भी है कि उच्च शिक्षा मंत्री का यह गृह जिला है और ऐसे में 70 शिक्षकों के घर मे चूल्हा नहीं जल रहा है। सरकार अपने दँम्भ मे इतनी बहरी हो गई है कि इन शिक्षकों की आवाज भी नही सुन रही है। आंदोलनरत शिक्षको का हौसला बढ़ाने इनके धरना स्थल पर पहुँचे थे जिनमें प्रमोद सराफ, सुरेन्द्र पाण्डेय ,दीपक शर्मा,सोनू कुमार, आदित्य कुमार,दक्ष यादव ने अपनी आवाज बुलंद कर इनकी मांगो का समर्थन किया और आगे की लड़ाई में पूरी ताकत के साथ सहभागिता निभाने का वादा किया।

## पति की मौत के गम में पत्नी ने किया जहर सेवन

**रायगढ़** 06 सितंबर (देशबन्धु)। पति की मौत के सदमे में पत्नी ने कीटनाशक का सेवन कर जान देने का प्रयास किया है लेकिन एक कहावत है जाको राखे साइयां मार सके ना कोई कुछ इसी तर्ज में महिला के परिजनों ने वक्त की नजाकत को भांपते हुए तत्काल उसे अस्पताल लेकर आए जहां उसका उपचार जारी है।

घटना धरमजयगढ़ थानाक्षेत्र के ग्राम खम्हार की है जहां चंद्रिका के पति स्व देवेंद्र राठिया की मौत दो दिन पहले सीने में दर्द से हुई थी और सोमवार को उसका तीज नहान का कार्यक्रम किया जान था ऐसे में शोकाकुल परिवार के यहां मेहमानों के आने जाने की शुरुवात जैसे ही हुई थी की अपने पति की मौत के सदमे से गुजर रही चंद्रिका राठिया ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। वहीं घटना के तत्काल बाद गांव के निजी वाहन से महिला को धरमजयगढ़ के सिविल अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान अब वो खतरे से बाहर है।महिला के परिजनों ने बताया कि एक वर्ष पूर्व ही दोनो का सामाजिक रीति रिवाज से विवाह हुआ था और दो दिन पहले ही महिला के पति की मौत हो गई थी।

## आईसेक्ट कंप्यूटर सेंटर में मनाया गया शिक्षक दिवस

**मनेन्द्रगढ़** 06 सितंबर (देशबन्धु)। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आईसेक्ट में इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि वीरेंद्र श्रीवास्तव और रितेश श्रीवास्तव रहे तथा संस्था संचालक संजीव कुमार सिंह, रागिनी सिंह, आनंद कुमार साहू, स्वाति वोहरा, अंजना मौर्य, प्रियंका पाण्डेय, पूर्णिमा और नरेंदर कौर उपस्थित रहे । संचालक श्री संजीव सिंह ने बताया कि सन 1994 से आज तक आईसेक्ट कंप्यूटर सेंटर बस स्टैंड में शिक्षक दिवस 5 सितंबर मनाया जा रहा है। उन्होंने आईसेक्ट के समस्त विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य की कामना की और विद्यार्थियों को कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया 7 कार्यक्रम को सफल बनाने में इशिता सिंह, नैना केवट, दरक्षा, नीरज, शशांक, हेमंत और आईसेक्ट के समस्त विद्यार्थियों का योगदान रहा।

## वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम नीति आयोग ने ली बैठक

**अम्बिकापुर** 06 सितंबर (देशबन्धु)। एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम यानी आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत सरगुजा के लखनपुर ब्लॉक का चयन किया गया है। इसका उद्देश्य विभिन्न विकास मानकों पर ब्लॉकों के प्रदर्शन में सुधार करना है। एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम, एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम की तर्ज पर शुरू किया गया है। लखनपुर ब्लॉक में इस कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में बुधवार को सीईओ, नीति आयोग की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। इस समीक्षा में आकांक्षी विकासखंडों के 328 जिला कलेक्टर शामिल हुए। इस बैठक में ब्लॉक डेवलपमेंट स्ट्रेटजी पर चर्चा की गई।

इस बैठक में कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कुमार कंवर, नोडल श्री नीरज कौशिक सहित जिला एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) का उद्देश्य भारत में आकांक्षी जिलों को उनके विकास परिणामों में सुधार करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। एबीपी सरकार के समावेशी विकास के बड़े लक्ष्य का एक हिस्सा है। एबीपी एक केंद्र प्रायोजित योजना है, यह योजना राज्य सरकारों द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से कार्यान्वित की जाएगी।

## कृष्ण जन्माष्टमी के दिन मदिरा विक्रय बंद रहेगा

**अम्बिकापुर**, 06 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर कुंदन कुमार ने कृष्ण जन्माष्टमी 7 सितंबर को जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। कृष्ण जन्माष्टमी को जिले की समस्त देशी व विदेशी मदिरा दुकान, एफ.एल. 8 एवं मद्य भंडागार को बंद रखने कहा गया है। इस दिन मदिरा का विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णत: बंद रहेगा। उन्होंने इस हेतु आदेश का परिपालन सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

## रूद्रशरण पुजारी का निधन

**सारंगढ**`6 सितंबर (देशबन्धु)।राज परिवार के रूद्रशरण पुजारी का आज 99 वर्ष की आयु में निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। स्व. पुजारी अपने पीछें भरा पूरा परिवार छोड गए हैं। पुत्र डी एन पुजारी डाक्टर एवं दीना पुजारी जनसम्पर्क विभाग में सहायक संचालक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। रूद्रशरण पुजारी के निधन पर राजा पुष्पा देवी सिंह (पूर्व सांसद) व विधायक उत्तरी जांगडे गहरा दुख व्यक्त किया है।

# रामगढ़ में राम वाटिका व अधोसंरचना विकास कार्यों का लोकार्पण आज

- उपमुख्यमंत्री सिंहदेव, गृह मंत्री व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत की अध्यक्षता में होगा कार्यक्रम
- 6.76 करोड़ की लागत से टूरिस्ट इनफॉर्मेशन सेंटर, पब्लिक अप्रोच रोड डेव्हलपमेंट, कॉटेज या डॉरमेट्री सहित अन्य विभिन्न निर्माण कार्य



**अम्बिकापुर**, 06 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी राम वनगमन पर्यटन परिपथ योजना ने छत्तीसगढ़ को धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन के मानचित्र में अमिट पहचान दी है। सरगुजा का सौभाग्य है कि भगवान श्री राम ने चौदह वर्ष के वनवास काल का लगभग दो वर्ष का समय यहां के वनों एवं वनवासियों के बीच व्यतीत किया। प्रदेश में प्रभु श्रीराम के पद चिन्हों और पड़ावों की पौराणिक कथाओं को जीवंत करने 10 स्थलों का चिन्हांकन किया गया है जिसमें सरगुजा का रामगढ़ शामिल है। अब इसी कड़ी में 7 सितंबर 2023 को रामगढ़ में श्री राम वाटिका एवं अधोसंरचना विकास कार्यों का लोकार्पण किया जा रहा है। साथ ही अंबिकापुर शहर में रामायण महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री श्री टीएस सिंहदेव के मुख्य आतिथ्य एवं पर्यटन एवं गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू व खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत की अध्यक्षता में राम वन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत 7 सितंबर 2023 को प्रात: 11 बजे रामगढ़ में श्री राम वाटिका एवं अधोसंरचना विकास कार्यों का लोकार्पण किया जाएगा तथा दोपहर 3:00 बजे से भव्य रामायण महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। राम वन गमन पर्यटन परिपथ अंतर्गत 6.76 करोड़ रूपये की लागत से टूरिस्ट इनफॉर्मेशन सेंटर, पब्लिक अप्रोच रोड डेव्हलपमेंट, कॉटेज या डॉरमेट्री सहित अन्य विभिन्न निर्माण कार्य किये गए हैं। इस अवसर पर अतिविशिष्ट अतिथि केन्द्रीय जनजाति मंत्री व सरगुजा सांसद श्रीमती रेणुका सिंह, जिले के प्रभारी एवं नगरीय प्रशासन व विकास मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, वन, आवास एवं पर्यावरण, परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, वाणिज्य, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, राजस्व एवं प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं ग्रामोद्योग मंत्री डॉ प्रीतम राम भगत, सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण एवं विधायक प्रेमनगर श्री खेलसाय सिंह, संसदीय सचिव एवं पर्यटन विभाग श्री चिन्तामणी महाराज व श्री विकास उपाध्याय, गौ-सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री डॉ महंत राम सुन्दर दास, राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम, सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं विधायक सोनहत श्री गुलाब कमरो, संसदीय सचिव व विधायक भटगांव श्री पारसनाथ राजवाड़े, छत्तीसगढ़ टुरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष श्री अटल श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष श्रीमती चित्ररेखा साहू, सदस्य श्री निखिल द्विवेदी, श्री नरेश ठाकुर, श्री अंकित बागबाहरा, श्रीमती नयना गवेल एवं श्रीमती नीति सिंह, खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री गुरप्रीत सिंह बाबरा, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं वनौषधि पादप विकास बोर्ड के अध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक, बीस सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री शफी अहदम, जिला पंचायत सरगुजा अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, महापौर डॉ अजय तिर्की, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, अपेक्स बैंक के संचालक श्री अजय बंसल, राज्य मदरसा बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री इरफान सिद्धिकी, राज्य गौ सेवा आयोग के सदस्य श्री अटल बिहारी यादव, राज्य कृषक कल्याण परिषद के सदस्य श्री संजय गुप्ता, राज्य बीज प्रमाणीकरण के सदस्य श्री अरविंद गुप्ता, राज्य उर्दू अकादमी के सदस्य श्री बदरूदीन एराकी, छत्तीसगढ़ तेल घानी बोर्ड के सदस्य श्री लक्ष्मी गुप्ता, राज्य महिला आयोग के सदस्य श्रीमती नीता विश्वकर्मा, राज्य कर्मकार मंडल के सदस्य श्री अनिल सिंह, अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री अमृत टोप्पो, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण श्री सुरेश अग्रवाल एवं श्री अभिषेक सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्री राकेश गुप्ता, कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ सिंहदेव, जिला पंचायत सदस्य श्री राजनाथ सिंह व राधा रवि, संस्कृति जिला पंचायत के सभापति श्री सुनील बखला, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि होंगे।

### अलौकिक महोत्सव का साक्षी बनेगा सरगुजा

सांस्कृतिक कार्यक्रम में रामायण महोत्सव का भव्य आयोजन पीजी कॉलेज मैदान अम्बिकापुर में दोपहर`3ः बजे से किया जाएगा। रामायण महोत्सव में सरगुजा, बलरामपुर एवं सूरजपुर जिले के राज्य स्तरीय रामायण मंडली प्रतियोगिता 223 में प्रथम स्थान प्राप्त रामायण मंडली दलों की प्रस्तुति एवं ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त रामायण मंडली को वाद्य यंत्र हेतु डेमो चेक मुख्य अतिथि के करकमलों से प्रदान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के कलाकार अनुराग शर्मा द्वारा संगीतमय रामकथा प्रस्तुति तथा रीनी चन्द्रा वॉलीवुड पार्श्व गायिका द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

## मनेंद्रगढ़ विधानसभा में चिरमिरी का नाम जोड़ने की मांग

**चिरमिरी** 06 सितंबर (देशबन्धु)। मनेंद्रगढ़ विधानसभा में चिरमिरी का नाम जोड़े जाने की मांग अब जोर शोर से उठने लगी है। लोगों का कहना है कि कोयला नगरी चिरमिरी के साथ राजनैतिक आकाओं ने हमेशा से उपेक्षा का रवैया रहा। शासन-प्रशासन द्वारा भी भेदभाव किया जा रहा है। एक बड़े आबादी तथा जिले में सबसे ज्यादा मतदाता वाले शहर को मिलनी चाहिए थी, नवीन जिले का जिला मुख्यालय व शासकीय कार्यालयों की मांग को लेकर चिरमिरी जिला मुख्यालय बनाओ संघर्ष समिति द्वारा 182 दिनों तक क्रमिक भूख हड़ताल व अंत में आमरण अनशन का आंदोलन भी की जा चुकी है। कलेक्टर नरेंद्र दुग्गा के मार्फत मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन को प्रेषित पत्र में पत्रकार श्रीकांत शुक्ला ने मांग पत्र सौंपा है।

## अम्बेडकर युथ सर्कल के युवाओं ने मनाया शिक्षक दिवस

**रायगढ़** 06 सितंबर (देशबन्धु)। बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर युथ सर्कल के युवाओं ने जिले के अग्रणी महाविद्यालय डिग्री कॉलेज और पॉलीटेक्निक कॉलेज में सभी विभागों के विभाग प्रमुख शिक्षो से शिक्षक दिवस के अवसर पर आशीर्वाद लिया और उन्हें श्री मद भगवत गीता भेंट की सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया।

## लैलूंगा अस्पताल में पदस्थ बीएमओ का बड़ा कारनामा !

**रायगढ़** 06 सितंबर (देशबन्धु)। लैलूंगा में इन दिनों स्वास्थ्य विभाग बड़ी सुर्खिया बटोर रहा है। कुछ माह पूर्व जिला चिकित्सा अधिकारी के खिलाफ स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया था, जिससे भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया गया था, जिनकी मनमानी थमने का नाम नही ले रही है, वहीं लैलूंगा शासकीय अस्पताल में नवपदस्थ खण्ड चिकित्सा अधिकारी डाक्टर लखन पटेल अपने कार्यों को लेकर शुरू से विवादों में रहे है।

शुरूवाती दौर से ही नेताओं व मंत्रियों का करीबी बता कर खूब सुर्खिया में रहे, ज्ञात हो कि लैलूंगा अस्पताल के सीनियर डाक्टर सर्जन एस एन उपाध्याय के रिटार्यड के दौरान लखन पटेल को बीएमओ बनाया गया है, बीएमओ पोस्ट मिलते ही अपना रौब अपने से सीनियर पर झाड़ते हुए देखे गए है। डाक्टर लखन शुरू से विवादित कार्य करते रहे है मरीजो से पैसा लेना स्टॉप से दुर्व्यवहार करना ऐसे कई मामले सामने आते रहे है। लेकिन जब से बीएमओ का पोस्ट मिला है तब से डॉक्टर लखन की मनमानी चरम सीमा पर है, केंद्र सहित राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं को कागजो पर लाभान्वित कराया जा रहा है।

जीवन दिप समिति द्वारा अस्पताल मे एसी खरीदी का मामला हो या टेबल कुर्सी सहित बेड बिस्तर सभी गड़बड़ियों का अंबार है,सबसे बड़ा मामला यह है कि हाट बाजार क्लिनिक योजना मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश में सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है, इसी कड़ी में लैलूंगा स्वास्थ्य विभाग को एक बड़ी वाहन एव दो बोलेरो वाहन प्रदाय किया गया है। जिसमें सरकार की स्वास्थ्य योजना की उपलब्धि की जानकारी सहित मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री का पोस्टर पूरी वाहन में लगा था जिसे डाक्टर लखन पटेल द्वारा मनमाने तरीके से वाहन की पोस्टर को उखाड़ कर बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 02 एयू 0727 को अपने निजी उपयोग के लिये किया जा रहा है।

## धरमजयगढ़ कांग्रेस में गुटबाजी हावी

**रायगढ़** 06 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में चुनावी मैदान तैयार हो गई है सभी पार्टियां चुनावी प्रचार के लिए मैदान में उतर गई है अपने- अपने दावों को लोगो तक पहुंचाने में लगी हुई है। मगर धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जिस तरफ से कांग्रेस की गुटबाजी नगरीय क्षेत्र से होते हुए ग्राम पंचायत स्तर तक पहुँच गया है विधायक के लिए बड़ी चुनौती होगी।

घरघोड़ा नगर पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव के बाद अध्यक्ष पद चुनाव के प्रत्याशी के विरोध में ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के नदारद रहने का अन्य किसी महिला प्रत्यासी के समर्थन की खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को मार्गदर्शक मंडल में डाला जा रहा है तो कांग्रेस किसके भरोसे मैदान में उतरेगी क्यों कि धरमजयगढ़ विधानसभा में कांग्रेस के आंदोलनों में कहीं भी युवाओं की फौज देखने को नही मिली।

## छात्र छात्राओं ने किया मतदान के लिए लोगों को जागरूक

**अम्बिकापुर** 06 सितंबर (देशबन्धु)। स्वीप गतिविधि के अंतर्गत अम्बिकापुर शहर में शानदार फ्लैश मॉब के साथ युवा छात्र-छात्राओं ने लोगों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में मतदाताओं को जागरूक करने जिले में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को मिशन चौक विशाल मेगा मार्ट के सामने शानदार फ्लैश मॉब का आयोजन किया गया। फ्लैश मॉब में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने देश के सभी राज्य की पारम्परिक वेशभूषा में मनमोहक नृत्य के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ी लोक गायक श्री संजय सुरीला तथा सरगुजा की लोक गायिका श्रीमती बबिता विश्वास ने भी गीतों के माध्यम से वोट के महत्व को बताया।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन ने उपस्थित जनसमूह को मतदान हेतु जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र जिले के कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र में शामिल है, इसलिए आज यहां फ्लैश मॉब के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर जिले में लगातार मतदाताओं को जागरूक करने गतिविधियों का आयोजन जारी है। हम सभी आज यहां एक ही उद्देश्य से एकत्रित हुए हैं और वह है शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य। हर एक वोट जरूरी है, आप सभी किसी भी प्रकार के भ्रम से रहित होकर मतदान करें, जिला प्रशासन द्वारा सभी मतदान केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था की जा रही है। जिनका एपिक कार्ड नहीं बना है वो अपना कार्ड बनवाएं, वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाएं तथा परिवार के सदस्यों, मित्रों को वोट हेतु प्रोत्साहित करें। इसके साथ ही कलेक्टर श्री कुंदन ने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान हेतु सभी को शपथ दिलायी। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ तथा स्वीप के नोडल अधिकारी श्री नूतन कंवर, जिला स्तरीय अधिकारी, महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं, आम नागरिक मौजूद थे।

## मछली पकड़ने के दौरान केलो में डूबा युवक

**रायगढ़** 06 सितंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ जिला मुख्यालय में मंगलवार की सुबह मछली पकडने के दौरान युवक का अचानक पैर फिसलने की घटना में पानी के तेज बहाव में डूब गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई है। इस मामले की जानकारी लगते ही जूटमिल पुलिस के अलावा गोताखोरों की टीम नदी में युवक की तलाश में जुटी हुई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पिछले दो दिनों हो रही लगातार बारिश की वजह से केलो नदी का जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है। जिससे मछली पकड़ने के लिये लोग भी नदी किनारे पहुंचे रहे हैं।



इसी क्रम में मंगलवार की सुबह तकरीबन 10 बजे एक युवक शनि मंदिर के पास मछली पकड़ रहा था इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसला और फिर वह नदी के तेज बहाव में बहने लगा। इस घटना के बाद प्रत्यक्षदर्शियों ने इस मामले की जानकारी पहले चक्रधर नगर थाना में दी उसके बाद जूटमिल थाने को भी इस घटना से अवगत कराया गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही जूटमिल थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर लोगों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही साथ गोताखोरों की एक टीम मौके पर बुलवाकर नदी में बहे युवक की पतासाजी की जा रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक पानी में डूबे युवक का पता नही चल सका था।

### अलग-अलग अफवाह की चर्चा

इस घटना को लेकर लोगों में अलग-अलग चर्चाओं का दौर भी जारी था। जहां कुछ लोगों के द्वारा यह कहा जा रहा था कि युवक केलो नदी के उपर बने पुल से कूदकर आत्महत्या किया है तो कुछ लोगों ने कहा कि नाले में बहकर युवक की लाश नदी में समाई तो वहीं मौके पर मौजूद महिला ने बताया कि उसने अपने साथी के साथ मछली पकड़ रहे युवक को पानी में डूबते हुए अपनी आंखों से देखा है।

## रामदास द्रौपदी फाउंडेशन ने साहेब नगर शिव मंदिर में किया पौधरोपण

**रायगढ़** 06 सितंबर (देशबन्धु)। रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा नगर के मेडिकल कॉलेज के पास स्थित साहेब नगर के शिव मंदिर के प्रांगण में बेल, कनेर, पीपल, करंज, गुलमोहर के पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर साहेब नगर के स्थानीय गणमान्य जन सर्वश्री चंद्रकांत सोनी, हर्ष, सूर्या, रोशन, राजेश, शिवम, बंटू, कन्हैया लाल, मोहम्मद, अनमोल, सोनू, रिंकी सोनी, तारा, चंदू, बबिता चैहान, माधवी सोनी, विनोद, रोहन सहित दर्जनों गणमान्य जन उपस्थित रहे। पौधरोपण के अतिरिक्त वहां के निवासियों के मांग पर लोगों में पौधे भी वितरित किए गए। रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमैन सुनील रामदास ने बताया कि हमारे द्वारा पर्यावरण को संतुलित बनाने के प्रयास में यह अभियान चलाया गया है। यह अभियान रायगढ़ के लिए धीरे-धीरे वरदान भी सिद्ध हो रहा है। क्योंकि इस अभियान से रायगढ़ के नगरीय क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी इस स्वस्फूर्त जुड़ रहे हैं। पौधरोपण हेतु हमारे पास आने वाले फोन कॉल से हम यह आकलन कर रहे हैं कि लोग अब पौधरोपण में रूचि दिखा रहे हैं। यह कार्य समाज के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ कार्य है। इस विषय को समाज भी अब गम्भिरता से ले रहा है। भारत तो पूर्व से आज तक प्रकृति का उपासक रहा है।

# कलेक्टर व एसपी ने अधिकारियों की ली बैठक

- शराब के अवैध परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने सहित बॉर्डर चेक पोस्ट, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैंड पर रखे खास नजर



**अम्बिकापुर**, 06 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन कराने की तैयारी जारी है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार ने बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व, पुलिस सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा भी मौजूद रहे। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन ने कहा कि जिले में शांतिपूर्ण, और निष्पक्ष निर्वाचन कराने हेतु इस दौरान किसी भी प्रकार की प्रलोभन या अनुचित प्रभाव डालने वाले तत्वों को रोकने के लिए सभी बॉर्डर चेक पोस्टों, रेल्वे स्टेशनों, बस स्टैंडों एवं स्टापजों, बैंकों में अनियमित लेनदेनों और गैर कानूनी गतिविधियों पर खास नजर रखें। शराब की अवैध बिक्री एवं वितरण को रोकने हेतु जिले के सभी उत्पादन की इकाइयों एवं गोदामों पर निगरानी रखी जाए। अवैध शराब जप्त करने के लिए जिले में छापेमार कार्यवाही जारी है। कलेक्टर ने इसी तरह प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी चेक पोस्टों और बॉर्डर चेकपोस्टों पर शिफ्टवाइज ड्यूटी लगाकर वाहनों पर सतत रूप से गहन निगरानी करने, शराब दुकान खुलने एवं बंद होने के समय की निगरानी रखने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पुलिस विभाग तथा आबकारी विभाग की संयुक्त टीम बनाकर जिले के बॉर्डर क्षेत्रों की लगातार जांच करें। जिले के दूरस्थ तथा संदिग्ध क्षेत्रों में सम्भावना अधिक होती है, ऐसे क्षेत्रों में विशेष ध्यान दें। मदिरा तथा ऐसे पदार्थों के अवैध परिवहन की सतत एवं सघन जांच करते रहे। शहर के आस-पास की मदिरा दुकानों के समक्ष बने चखना दुकानों पर सतत निगरानी रखें और आवश्यकता अनुरूप कार्यवाही भी की जा सकती है। एसडीएम, तहसीलदार, आबकारी तथा नगर निगम की टीम मिलकर ऐसे क्षेत्रों का चिन्हांकन कर आवश्यक कार्यवाही करें। उन्होंने जीएसटी विभाग, खनिज विभाग तथा अन्य विभागों द्वारा अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा नशीले पदार्थों तथा दवाईयों के कारोबार पर जांच कर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वन विभाग द्वारा राजस्व विभाग से सम्पर्क कर ऐसे क्षेत्रों का चयन किए जाने के निर्देश दिए जहां से अवैध परिवहन की संभावना हो, उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम का निर्माण कर संदिग्ध वस्तुओं की जांच कर जानकारी तुरंत कंट्रोल रूम को दी जाए। जांच नाकों पर वाहनों की जांच के लिए नियुक्त किए गए अधिकारियों के कार्यों की सतत मानिटरिंग राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा भी समय-समय पर की जाए, इसके साथ ही अन्य विभागों की टीम भी जांच नाकों पर सतर्क रहें, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जिला प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन से तत्काल संपर्क कर सूचना दी जाए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, अपर कलेक्टर श्री टेकचंद अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### कलेक्टर ने ली समय- सीमा की बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

**सारंगढ़** 06 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों में चल रहे कार्यों की समीक्षा की, साथ ही लम्बित प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने जिले के गौठानों में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) में समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का उठाव नहीं किए जाने पर सभी जनपद पंचायतों के सी.ई.ओ. को तत्काल वर्क ऑर्डर जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले के स्कूलों और छात्रावासों में भी इन उत्पादों की खपत करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि समूहों को तभी प्रोत्साहन मिलेगा जब वहां निर्मित उत्पादों का उठाव समय पर हो। स्कूलों एवं छात्रावासों की रसोई में प्रयुक्त होने वाले मसाले आदि की खरीदी अनिवार्यत: रीपा गौठानों से करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को दिए। इसी प्रकार सभी जनपद पंचायतों के सी.ई.ओ. को भी कार्ययोजना तैयार कर शीघ्रता से उठाव सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए। बैठक में आयुष्मान भारत योजना, शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, गोधन न्याय योजना, किसान पंजीयन एवं गिरदावरी कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, ठोस एवं अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन, राजस्व विभाग में लंबित प्रकरणों सहित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की संक्षिप्त समीक्षा करते हुए सितम्बर माहांत तक पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए।

बैठक के उपरांत आगामी विधानसभा निर्वाचन- के संबंध में नोडल अधिकारियों के कार्य-दायित्व पर संक्षिप्त चर्चा की। उन्होंने बताया कि अगले सप्ताह निर्वाचन आयोग द्वारा नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण सत्र रायपुर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी नोडल अधिकारी अनिवार्यत: उपस्थित रहकर निर्धारित दायित्वों के समुचित क्रियान्वयन की जानकारी लेंगे। बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, एसडीएम सारंगढ़ मोनिका वर्मा, एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### बचपन प्ले स्कूल में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण का जन्म उत्सव

**मनेन्द्रगढ़** 06 सितंबर (देशबन्धु)। शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राएं राधा के पोशाक मे आई थी। एवं छात्र भगवान श्री कृष्ण की वेशभूषा में नजर आ रहे थे। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के डायरेक्टर्स श्रीमती ज्योति ताम्रकार, श्रीमती आशी कक्कड़ एवं श्रीमती तोशी अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में नाटक के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण का जन्म और उनकी विभिन्न लीलाओं जैसे माखन चोरी, मां यशोदा के साथ उनका रूठना व मानना मटकी फोड़ना, राधा कृष्ण की लीला और उसके साथ-साथ सुदामा चरित्र वर्णन, श्री कृष्ण की अन्य लीलाओं का वर्णन करके दिखाया गया। यूकेजी, एलकेजी, नर्सरी एवं प्ले ग्रुप के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के द्वारा मटकी फोड़ का आयोजन भी किया गया। भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना के पश्चात उनके धार्मिक श्लोक पढ़ाया गया। संस्था की डायरेक्टर ज्योति ताम्रकार ने कहा कि हमें सदा सत्य की राह पर चलना चाहिए। तभी हमेशा सत्य की विजय होती है। तथा डायरेक्टर श्रीमती आशी कक्कड़ ने बताया कि कैसे भगवान श्री कृष्ण ने बल और बुद्धि से बुराई पर विजय प्राप्त की। तथा डायरेक्टर श्रीमती तोशी अग्रवाल ने बच्चों को जन्माष्टमी की बधाई देते हुए विभिन्न जीवन मूल्य जैसे मित्रता, प्रेम एवम सद्भावना को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की काउंसलर श्रीमती सोनाली दास ने सभी बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। जन्माष्टमी के पावन पर्व पर विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती साधना सिंह ने मंच का संचालन किया। एवं सभी बच्चों को जन्माष्टमी की बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं रिद्धिमा जायसवाल, नेहा मिश्रा, प्रियंका सिंह, वैष्णवी जायसवाल, प्रिया मिश्रा, नंदिनी साहू, पुष्पा सिंह, शिल्पी सिन्हा, आकांक्षा पांडे, मौमिता एवं प्रिया का सराहनीय योगदान रहा।

### कृष्ण जन्म उत्सव पर दही-हांडी प्रतियोगिता का आयोजन

**खरसिया** 06 सितंबर (देशबन्धु)। विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड खरसिया द्वारा कृष्ण जन्मोत्सव के महापर्व में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमो का संचालन किया जा रहा है, जिसमे प्रमुख रूप दही हांडी कार्यक्रम है जिसकी तैयारी जोर शोर के साथ की जा रही है.प्रथम पुरस्कार 11000 रू नकद और प्रत्येक सहभागि टीमों को 1100 रू सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा, बच्चों को बाल कृष्णा, कृष्णा बनाकर लाने की अपील भी संगठन द्वारा किया गया है। इस प्रतियोगिता का प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया के माध्यम से किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा आम जनता कार्यक्रम में शामिल हो सके। कार्यक्रम को सफल बनाने खरसिया के धार्मिक सामाजिक व स्थानीय राजनैतिक संगठनों से पूर्ण सहयोग मिल रहा है पहली बार खरसिया में धूमधाम से दही हंडी फोड़ कार्यक्रम में भरपूर उत्साह देखा जा रहा है।

### अशोका पब्लिक स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

**सारंगढ** 06 सितंबर (देशबन्धु)। अशोका पब्लिक स्कूल में आज डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस समारोह के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि भरत अग्रवाल रहे। छात्रा मासूमा अग्रवाल, अदिति चौहान व सुरुचि बंजारे ने मनमोहक ओड़िसी नृत्य की प्रस्तुति दी। विद्यालय के संरक्षक राजेश अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में एक स्वस्थ समाज निर्माण के लिए शिक्षक की भूमिका को आधार स्तंभ कहा साथ ही अशोका पब्लिक स्कूल के विकास का पूरा श्रेय संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को दिया। प्राचार्य जे. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में मानव जीवन में शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य के भाग्य निर्माण पथ का पथप्रदर्शक उसका गुरु ही होता है। गुरु का स्थान सर्वोपरि है।

### गरिमा सिंह उप अभियंता के पद पर नियुक्त



**जांजगीर**, 06 सितम्बर (देशबन्धु)। जल संसाधन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उप अभियंता (सिविल) के पद पर जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पचेड़ा निवासी श्रीमती गरिमा सिंह की नियुक्ति कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंधन संभाग जांजगीर में हुआ है। श्रीमती गरिमा सिंह तोमन सिंह की पुत्री व शिवेंद्र सिंह की धर्मपत्नी हैं। इनकी नियुक्ति पर उनकी माँ श्रीमती शशि सिंह, बड़ी माँ निर्मला सिंह, बड़े पिता कुलेश्वर सिंह, चाचा पवन सिंह, भाई संदीप सिंह, संजय सिंह, विवेक सिंह, गौरव सिंह, संचित सिंह ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किए हैं।

# देश को संदेश देने में सफल रहा भारत जोड़ो यात्रा

### भारत जोड़ो पदयात्रा की सालगिरह पर आज होगी चांपा में यात्रा




**जांजगीर**, 06 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पदयात्रा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत की अगुवाई में 7 सितंबर को दोपहर 1.00 बजे से चांपा नगर में बापू बालोद्यान से राधाकृष्ण मंदिर तक आयोजित की गयी है जिसमें जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे। पदयात्रा का समापन आमसभा के साथ होगी। स्थानीय न्यू सर्किट हाउस में आगामी दिनों होने वाले विधानसभा स्तरीय संकल्प शिविर को लेकर जिला कार्य समिति एवं ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों की विशेष बैठक के बाद जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष द्वय रफीक सिद्दिकी व विवेक सिंह सिसोदिया ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि 7 सितंबर 2022 को क्षेत्रीयता, साम्प्रदायिकता, हिंसा, नफरत और देश के आम नागरिकों की जरूरतों का संदेश लेकर नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने की मंशा से कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक 4081 कि.मी. की भारत जोड़ो पदयात्रा की सालगिरह पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूरे देश की जिला मुख्यालयों में भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन रखा गया है। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय पदयात्रा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत की अगुवाई में आज 7 सितंबर को दोपहर 1.00 बजे से चांपा नगर में बापू बालोद्यान से राधाकृष्ण मंदिर तक आयोजित की गयी है जिसमें जिले के सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे। पदयात्रा का समापन आमसभा के साथ होगी। देश के लोगों में एक नयी उम्मीद लेकर आई भारत जोड़ो यात्रा से देश के आम आदमी की समस्याओं को आवाज दिया है। देश में बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्या, सामाजिक वैमनस्यता के खिलाफ देश की जनता में जन जागरण पैदा किया। भारत जोड़ो यात्रा से देश के लोगों में नयी उम्मीद की किरण पैदा हुई है। राहुल गांधी की पदयात्रा से विघटनकारी ताकतों एवं अराजक तत्वों के हौसले पस्त हुए हैं। सत्याग्रह को कांग्रेस पार्टी प्रारंभ से ही परिवर्तन का प्रमुख आधार मानती रही है। भारत जोड़ो यात्रा का ही परिणाम है कि देश में नफरत के भाव कम हुए हैं मॉबलिंचिंग जैसी घटनाएं रूकी हैं। रसोई गैस के दाम कम करने मजबूर हुई है। किसान, युवा, माता-बहनें, पत्रकार, केन्द्र की मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ सीना ठोककर खड़े हुए हैं। डर भय का वातावरण खत्म हुआ है। आयोजित पदयात्रा में सभी कांग्रेसजनों की उपस्थिति की अपील की गयी है।

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर रची खौफनाक साजिश

### शराब में जहरीली पदार्थ मिलाकर पति समेत 3 लोगो की हत्या के मामले में पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार



**जांजगीर**, 06 सितम्बर (देशबन्धु)। प्यार में पति बना रोड़ा तो पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर रची खौफनाक साजिश, शराब में जहरीली पदार्थ मिलाकर पति समेत 03 लोगो की हत्या के मामले में पत्नी और प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

जहरीली शराब पीने से पति समेत 03 लोगो की हत्या के मामले में पुलिस आज एसपी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी ने बताया कि आरोपी जयंती साण्डे निवासी परसाही बाना का प्रेम संबंध ग्राम ठड़गाबहरा निवासी प्रेम सागर रत्नाकर के साथ था। जिसकी जानकारी मृतक संतकुमार साण्डे को होने से आरोपियों का आये दिन गाली गलौच, मारपीट करता था, जिस कारण से आरोपी जयंती साण्डे और प्रेमसागर दोनो ने मिलकर पति को जान समेत मार देगें कहकर आपस में बात करते थे। सुबह 08.00 बजे मृतक संजय साण्डे, संत कुमार साण्डे एवं जितेन्द्र सोनकर मछली मार कर तीनो संजय कुमार साण्डे के घर आयें संजय साण्डे तथा जितेन्द्र सोनकर अपने-अपने घर चले गये जयंती साण्डे अपने पति संत कुमार साण्डे को अपने घर में पहले से जहर मिलाकर रखें देशी शराब को अपने पति को पीने के लिए दे दिया, इसी बीच संजय साण्डे, जितेन्द्र सोनकर आ गये तो संत कुमार सांडे देशी शराब को लेकर अपने घर के पीछे गया तथा तीनो आपस में शराब को पिए, शराब पीते ही तीनो पानी-पानी लाओ कहकर छटपटाने लगे, तबियत अधिक खराब होने से तीनो को उपचार के लिए सीएचसी अस्पताल अकलतरा ले गये जहां डाक्टरों द्वारा संत कुमार खाण्डे एवं संजय कुमार साण्डे को मृत घोषित कर दिया और जितेन्द्र सोनकर को बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर रिफर किये थे जहां इलाज के दौरान जितेन्द्र सोनकर का भी मृत्यु हो गयी। इस पर थाना अकलतरा में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया। मर्ग जांच के दौरान शवों का पंचनामा कार्यवाही तथा डाक्टरों की टीम के द्वारा पोस्ट मार्टम कराया गया। एफएसएल के अधिकारी के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। मर्ग जांच के दौरान परिजनों, गवाहों के कथन, तकनिकी साक्ष्य शार्ट पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के आधार पर मर्ग जांच पर आरोपी जयंती साण्डे उम्र 44 साल निवासी परसाहीबाना थाना अकलतरा, प्रेमसागर रत्नाकर उम्र 47 साल निवासी ठड़गाबहरा थाना बलौदा के विरुद्ध धारा 302, 328, 304, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान मृतक संत कुमार साण्डे की पत्नी को पूछताछ करने पर बतायी कि वह अपने पति की प्रताड़ना से तंग आकर उसको जान से मारने की नियत से अपने प्रेमी प्रेमसागर रत्नाकर के साथ मिलकर देशी शराब में जहर मिलाई थी, और जहरीली शराब को अपने पति को पीने के लिए दी थी। जहरीली शराब को पीने से संतकुमार साण्डे, संजय कुमार साण्डे, जितेन्द्र सोनकर की मृत्यु हो गयी। प्रकरण सदर में आरोपी जयंती सांडे उम्र 44, प्रेमसागर रत्नाकर उम्र 47 साल के विरूद्ध अपराध धारा सदर का सबुत पायें जाने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक सत्यकला रामटेके, सउनि अरुण सिंह, बी पी खाण्डेकर सियाराम यादव, आर प्रदीप दुबे, राघवेन्द्र घृतलहरे, विवेक सिंह एवं सायबर सेल जाजीगर का योगदान रहा।

# अवैध उत्खनन करने वाले 21 वाहन जब्त



**जांजगीर**, 06 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा जाँच किया जा रहा है तथा अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओं के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की की जा रही है। इसी कड़ी में आज जिला स्तरीय टास्क फोर्स के खनिज विभाग के खनि निरीक्षक तथा पुलिस विभाग के अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से जिला जॉजगीर चाँपा के जॉजगीर, चॉपा, बलौदा, पामगढ, अकलतरा, शिवरीनारायण, बिर्रा क्षेत्र में खनिजों के अवैध परिवहन करने वाले वाहनो का आकस्मिक जाँच किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिले में अवैध परिवहन करने वाले खनिज रेत के 09 प्रकरण (ट्रैक्टर), चूना पत्थर के 11 प्रकरण (01 ट्रेलर, 07 हाईवा एवं 03 ट्रेक्टर), मिट्टी (ईट) के 01 प्रकरण (01 ट्रेक्टर) दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजों के अवैध परिवहन करने वाले 21 वाहनों को जप्त किया जाकर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमों के तहत कार्यवाही की जावेगी। उक्त कार्यवाही के पूर्व दिवस खनिज विभाग द्वारा ग्राम बोरसी तहसील बम्हनीडीह का आकस्मिक जांच किया गया। जांच के दौरान खनिज रेत के अवैध उत्खनन किये जाने के संबंध में 01 मशीन 210 माउन्टेन चेन एवं 02 हाईवा को जप्त किया गया तथा खनिज रेत के अवैध परिवहन करने वाले 03 ट्रेक्टर जप्त कर अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया है।

# मुंशी पर कट्टा अड़ाकर 6 लाख 60 हजार रुपये की लूट

**जांजगीर**, 06 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के अकलतरा थाना क्षेत्र में धान व्यापारी के कार्यालय में मुंशी पर कट्टा अड़ाकर और मिर्ची पावडर छिड़ककर 6 लाख 60 हजार रुपये की लूट की घटना हुई है। हेलमेट पहनकर 2 बदमाश धान व्यापारी के ऑफिस पहुंचे और कट्टा अड़ाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। इसके साथ ही जाते वक्त बदमाशों ने मिर्च पाउडर भी छिड़क दिया, ताकि उनका कोई पीछा ना कर पाए। लूट की यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। दरअसल, अकलतरा में मिनीमाता चौक के आगे तरौद रोड में मुंशी राखी कश्यप ऑफिस में बैठे थे। तभी हेलमेट पहनकर 2 बदमाश अंदर पहुंचे और 6 लाख 60 हजार रुपये लूट की घटना को अंजाम दिया। वारदात के बाद दोनों बदमाश बाइक में बैठकर पामगढ़ की ओर भाग गए। मामले में आरोपियों के द्वारा एफआईआर दर्ज कर पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है।

### जन्माष्टमी के अवसर पर शराब दुकानें रहेंगी बंद

**जांजगीर**, 06 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी 07 सितम्बर को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने आदेश जारी कर जिले में 07 सितम्बर को समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिए हैं। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जांजगीर-चांपा जिले में सभी प्रकार की मदिरा दुकान अर्थात देशी मदिरा सी.एस. 2 (घघ), विदेशी मदिरा एफ. एल. 1 (घघ), देशी मदिरा सी.एस. 2 (घघ कम्पोजिट), प्रीमियम शॉप चांपा व जांजगीर भंडारण भण्डारगार जांजगीर को पूर्णता बंद रखने का आदेश दिया गया है।

# कलेक्टर ने किया गिरदावरी कार्य का निरीक्षण निर्देश

**जांजगीर**, 06 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज विकासखंड नवागढ़ के ग्राम खोखरा, धाराशिव और मेंहदा में गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने बुवाई का क्षेत्रफल, कुल रकबा और लगाए गए फसल की जानकारी ली तथा नक्शा खसरा का अवलोकन किया।

कलेक्टर ने कहा कि गिरदावरी शासन का महत्वपूर्ण कार्य है, इसे प्राथमिकता से करें। उन्होंने ने कहा कि धान के फसल का प्रकार का विवरण गिरदावरी में प्रविष्ट करे। उन्होंने जहां परती भूमि है या शासकीय भूमि, डाइवर्टेड भूमि, आबादी भूमि है उनमें फसल प्रविष्टि न हो साथ ही वन विभाग द्वारा वन संपदा योजना अंतर्गत लगाए गए वृक्षों की प्रविष्टि भी गिरदावरी में हो यह सुनिश्चित करे। गिरदावरी कार्य को समय पर पूर्ण करे और फ़ील्ड में जाकर गिरदावरी करे। प्राकृतिक रूप से लगे वृक्षों की भी प्रविष्टि खसरे में करने के निर्देश दिए। उन्होंने गिरदावरी कार्य के साथ साथ मौके पर नक्शा बटांकन जैसे कार्य भी किए जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी तथा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत रकबा के आधार पर किसानों को लाभ दिया जाता है। इसके लिए वास्तविक कृषक, उनके सही रकबा एवं उसमें लगाई गई फसल का सत्यापन होना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर एसडीएम जांजगीर ज्ञानेन्द्र सिंह, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक सहित राजस्व अमला उपस्थित थे।

# जाज्वल्यदेव कन्या महाविद्यालय में बनेंगे चार अतिरिक्त कक्ष



**जांजगीर**, 06 सितम्बर (देशबन्धु)। भेंट मुलाकात युवाओं के साथ बिलासपुर में पिछले महीने की पहली तारीख को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष जांजगीर के शासकीय जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने अतिरिक्त कक्ष की माँग की थी। मुख्यमंत्री ने इसकी तुरंत घोषणा भी कर दी थी। इस पर तेजी से काम हुआ है और मुख्यमंत्री की घोषणा पर त्वरित अमल करते हुए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने महाविद्यालय में 4 अतिरिक्त कक्ष के लिए 60 लाख 3 हजार रुपए स्वीकृत किये हैं। अब अतिरिक्त कक्षों का निर्माण तेजी से आरंभ हो सकेगा।

मुख्यमंत्री की घोषणा पर तेजी से कार्यान्वयन होने पर छात्राएं खुश हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इसके लिए धन्यवाद दिया है। छात्राओं ने बताया कि अतिरिक्त कक्षों की जरूरत थी। दूसरे संभागों में हुए भेंट मुलाकात कार्यक्रमों में छात्र हित में मुख्यमंत्री द्वारा लिये गये त्वरित निर्णयों के बारे में सुना तो हमें भी लगा कि हमारे संभाग में जब भेंट मुलाकात कार्यक्रम युवाओं के साथ होगा तो हम भी अपनी बात रखेंगे। हमारे साथियों ने भी अपनी बात रखी और मुख्यमंत्री ने हमारी बात सुनी। हमें लगा कि हमारी दिक्कत देर सबेर दूर हो जाएगी।

फिर जब इस बात की जानकारी मिली कि मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल करते हुए राशि स्वीकृत हो गई है तो यह बहुत खुशी की बात है।

छात्राओं ने बताया कि भेंट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने पीजी छात्रों की जरूरतों के मुताबिक भी अनेक निर्णय लिये हैं। नये कोर्स आरंभ होने का लाभ भी छात्र-छात्राओं को मिलेगा।

### 15 से 23 दिसम्बर तक अग्निवीर भर्ती रैली

**जांजगीर**, 06 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिए रैली का आयोजन 15 से 23 दिसम्बर 2023 तक पुलिस लाइन खोखरा जांजगीर में आयोजित किया जाना है। उक्त रैली स्थल का कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं कर्नल एन सेमल टी. ने निरीक्षण किया। कलेक्टर ने पुलिस लाइन खोखरा जांजगीर में रनिंग ट्रैक निर्माण, साफ सफाई, समतलीकरण, पेयजल की व्यवस्था करने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने समय सीमा में मैदान तैयार करने, लाइटिंग व्यवस्था, अन्य जिले से आने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन में भर्ती स्थल तक पहुंचने के लिए संकेतक चिन्ह लगाने, अभ्यर्थियों के लिए ठहरने की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए।

# खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़िया संस्कृति को किया जीवंत - डॉ महंत

### 3 दिवसीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों का हुआ समापन



**जांजगीर**, 06 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय जांजगीर-चांपा के शासकीय हाई स्कूल मैदान में 04 सितम्बर से 06 सितम्बर तक आयोजित 03 दिवसीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों का समापन हुआ। इस तीन दिवसीय आयोजन में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने अपने बेहतरीन खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के विजेताओं एवं अन्य प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

छत्तीसगढ विधानसभा के अध्यक्ष चरणदास महंत ने संबोधित करते हुए कहा कि जिला स्तरीय छत्तीसगढ़ ओलंपिक का आज समापन है। छत्तीसगढ़ की एक अलग पहचान, संस्कृति और परम्परा है इस संस्कृति परंपराओं को लोग भूलते जा रहे हैं इसमें हमारा छत्तीसगढ़िया खेल भी है जिसे हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से पुनर्जिवित किया है। खिलाड़ियों ने ग्रामीण एवं परम्परागत खेलों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से छत्तीसगढ़िया खेल एवं संस्कृति को जीवंत किया हैं। आने वाले समय मे इसका बहुत अच्छा परिणाम निकलेगा। छत्तीसगढ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत डॉ रामसुंदर दास ने विजयी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल के समापन समारोह में खेल का आयोजन किया गया है। इसमें सभी खेल का प्रदर्शन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में पूरे छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों का आयोजन हो रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य शाकम्बरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे मुख्यमंत्री द्वारा पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़ ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शामिल सभी खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन कर सभी को शुभकामनाएं दी।

इस समापन कार्यक्रम में कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला भगवान दास गढ़ेवाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चांपा जय थवाईत, सदस्य खाद्य आयोग श्रीमती ज्योति किशन कश्यप, सदस्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड नारायण खण्डेलिया, सदस्य श्रम कल्याण बोर्ड हरप्रसाद साहू, जिला पंचायत सभापति कुसुम कमल साव, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, कृषि उपज मंडी नैला अध्यक्ष ब्यासनारायण कश्यप, राघवेन्द्र कुमार सिंह, विवेक सिसोदिया, डॉ परस शर्मा, रफीक सिद्दिकी, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ सुश्री ज्योति पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनील सोनी, एसडीएम जांजगीर ज्ञानेन्द्र सिंह, खेल अधिकारी प्रमोद सिंह बैस सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

